CFA इंस्टीट्यूट और रांची IIM में सहयोग, रांची में खुला परीक्षा केंद्र

17/03/2023 Dainikbharat24

रांची। सीएफए (**CFA**) इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी ने रांची आईएमएम (**IIM**) से सहयोग किया है। इसके तहत आईएमएम सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम में सम्मलित हुआ। इंस्टीट्यूट ने आईएमएम में नया परीक्षा केंद्र खोला है। इससे अब झारखंड के विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए बाहर नहीं जाना होगा।

रांची आईआईएम सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम का हिस्सा बन गया है। इस संबद्धता से छात्रों को विभिन्न सत्र और अवसरों के माध्यम से दुनिया भर के व्यवसायी से बहुमूल्य उद्योग से अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी। भारत में सीएफए प्रोग्राम की बढ़ती मांग के साथ सीएफए इंस्टीट्यूट ने भी देश में अपना विस्तार किया है।

सीएफए इंस्टीट्यूट ने रांची सहित सात नए शहरों में परीक्षा केंद्र शुरू किए हैं। इससे सीएफए प्रोग्राम करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए इसकी उपलब्धता और सुविधा बढ़ेगी। इन सात नए केंद्रों के अलावा फरवरी, 2023 की परीक्षा के बाद चार और केंद्र खोले जा चुके हैं। इसके बाद सीएफए प्रोग्राम के परीक्षा केंद्र भारत के 23 शहरों और विश्व के 400 से ज्यादा शहरों में उपलब्ध हो गए हैं।

रांची आईआईएम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह सहयोग संस्थान के एमबीए छात्रों को विविध और व्यापक सीखने के अनुभव को विस्तारित करने, उनके करियर में वित्तीय कौशल को गहरा करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे छात्र इस सहयोग से मिलने वाले अवसरों से लाभन्वित होंगे।

सीएफए इंस्टीट्यूट की इंडिया कंट्री हेड आरती पोरवाल ने कहा सीएफए एक ग्लोबल प्रोफेशनल बॉडी है। इसकी पूरे विश्व के 160 देश में 700 केंद्र हैं। भारत में 26 विवि के साथ साझेदारी है। विद्यार्थी अब ईएमआई पर यह कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा इंस्टीट्यूट की ओर से एक्सेस और विमेन स्कॉलरशिप भी है। यह कोर्स 3 लेवल का है। पूरा कोर्स ढाई से तीन लाख रुपए में संभव है।

https://dainikbharat24.com/2023/03/collaboration-between-cfa-institute-and-ranchi-iim-open-examination-center-in-ranchi/